प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

जोशी–सोलर

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पिछले 104 दिन में देश में 65 लाख से अधिक सोलर सिस्टम लगाए गए हैं। नई दिल्ली में भारत नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन और प्रदर्शनी 2026 में एक सत्र को संबोधित करते हुए प्रल्हाद जोशी ने कहा कि हर छह दिन में एक लाख से अधिक सोलर सिस्टम लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में लोगों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है।

यादविंद्र गोमा

प्रदेश के युवाओं को नशे से दूर रखने और उनकी खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से राज्य सरकार खेलो हिमाचल–चिट्टा मुक्त अभियान शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 20 नवंबर को धर्मशाला में इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने आज धर्मशाला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के खेलो इंडिया अभियान की तर्ज पर प्रदेश में शुरू किए जा रहे इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना है।

अंतिम संस्कार

रामपुर के विधायक व सातवें वित्त आयोग के अध्यक्ष दिवंगत नंद लाल का आज रामपुर में उनके पैतृक गांव देवठी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार में हज़ारों की संख्या में लोग शामिल हुए। नंदलाल के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। दिवंगत विधायक नंदलाल को श्रद्धाजंलि देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू विशेष रूप से देवठी पहुंचे। उनके साथ उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत नंदलाल को

श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा कि जनसेवा के प्रति उनका समर्पण और समाज के लिए किए गए उनके कार्यों को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस पार्टी को सबसे लंबे समय तक सत्ता में बने रहने का अवसर मिला आज वही लोकतंत्र को कमजोर करने में जुटी है। कांगड़ा में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी हार के कारण कांग्रेस विचलित है और जनता बार–बार पार्टी को नकार रही है। अनुराग ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि अगर कांग्रेस को चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा नहीं है तो उसे उन राज्यों में जीत के बाद भी सवाल उठाने चाहिए जहां ईवीएम के माध्यम से कांग्रेस ने जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी झूठ और भ्रम फैलाकर संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहे हैं और कांग्रेस का उद्देश्य केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था को बदनाम करना है।

प्रदर्शनी

दीपावली को लेकर सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में एक स्कूल के विशेष बच्चों द्वारा तैयार किए गए दीये, मोमबत्ती और अन्य सजावटी सामान की प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेंद्र ठाकुर ने आज इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। स्कूल की स्पेशल एजुकेटर मोमीना ने बताया कि दिवाली के अवसर पर हर वर्ष विशेष आवश्यकता वाले बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार किए जाते हैं। उन्होंने लोगों से दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को खरीदने का आग्रह किया है।
